भोपाल, बुधवार
06
मई-2026

# दैनिक पीपुल्स प्रवक्ता

भोपाल, ग्वालियर से एक साथ प्रकाशित

/Peoplespravakta

E-paper www.peoplespravakta.com | वर्ष: 10 | अंक :15 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 02 रुपए | E-mail Peoplespravakta@gmail.com

**सुविचार**

मेहनत का हल और समस्या का हल, देर से ही सही, लेकिन मिलता अवश्य है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'सनातन का अपमान करने वालों का सूपड़ा-साफ होगा', बंगाल में बीजेपी की जीत पर गरजे योगी



**गोरखपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल चुनाव नतीजों पर जनता को बधाई देते हुए कहा कि ये परिणाम जनहित की अनदेखी करने वाले दलों के लिए कड़ा संदेश हैं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों पर वहां की जनता को बधाई दी और कहा कि यह नतीजे उन दलों के लिए कड़ा संदेश है, जो जनहित की अनदेखी करते हैं. उन्होंने कहा कि जो सरकारें विकास के संसाधनों का दुरुपयोग करती हैं, अपराधियों को संरक्षण देती हैं और सनातन परंपरा का अपमान करती हैं, उनका सत्ता से बाहर होना तय है. योगी ने कहा, 'जो भी जनता की उपेक्षा करेगा, सनातन का अपमान करेगा, उसका सूपड़ा साफ होना तय है, बंगाल की जनता ने ये करके दिखाया है.'

### अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- 'अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कायम हैं'



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- 'अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम कायम है' अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम को लेकर बयान दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम ख़त्म नहीं हुआ है। हेगसेथ से पूछा गया था कि क्या होर्मुज़ स्ट्रेट में अमेरिकी कार्रवाई से क्या ये मतलब निकाला जाना चाहिए कि युद्धविराम ख़त्म हो गया है। इस पर उन्होंने कहा, 'नहीं. युद्धविराम अभी ख़त्म नहीं हुआ है. ये अलग और ख़ास प्रोजेक्ट है.'' हेगसेथ ने ईरान से कहा कि वह अपने क़दम ' 'सावधानी से उठाए, ताकि हालात दोबारा युद्ध शुरू होने की सीमा को न पार कर जाए। उन्होंने कहा, ' 'फ़िलहाल, युद्धविराम कायम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 22 अप्रैल को ईरान के साथ अनिश्चितकाल तक युद्धविराम बढ़ाने का फ़ैसला किया था. लेकिन पहले दौर की बातचीत के सफल नहीं होने के बाद अमेरिकी सेना ने होर्मुज़ स्ट्रेट पर नाकाबंदी की थी. अमेरिकी सेना की नाकाबंदी फ़िलहाल कायम है और ये अमेरिका-ईरान के बीच मौजूदा तनाव के बढ़ने की बड़ी वजह बनी हुई है.

### यूपी-बिहार में आंधी-बिजली से 24 घंटे में 31 मौत

**नईदिल्ली/चंडीगढ़/पटना।** राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल गया है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक ट्रफ बनी हुई है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है। दिल्ली में मंगलवार दोपहर को ओले गिरे। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई। यूपी में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई। बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं। आज 18 जिलों तेज बारिश का अलर्ट है। राजस्थान में सोमवार को तापमान में 8एष्ट की गिरावट आई। जयपुर समेत कई शहरों का अधिकतम तापमान 35एष्ट से कम रहा। हरियाणा में तेज आंधी से 15 हजार से ज्यादा पेड़ उखड़ गए। हिमाचल प्रदेश के सोलन का तापमान सोमवार को 4.8एष्ट रहा। यह मई महीने का अब तक का सबसे कम तापमान है। इससे पहले 14 मई 2021 को 9.4एष्ट तापमान रहा था।

# लोक कल्याणकारी और विकास कार्यों के लिए 38 हजार 555 करोड की स्वीकृति

**» मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई मंत्रि-परिषद की बैठक**

**पीपुल्स प्रवक्ता, भोपाल।**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास और जन-कल्याण के लिए विभिन्न विभागों की 38 हजार 555 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की गई। मंत्रि-परिषद ने प्रदेश के व्यापारियों के कल्याण के लिए राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड के गठन का ऐतिहासिक निर्णय भी लिया है। यह निर्णय प्रदेश के बुनियादी ढांचे, कृषि आत्मनिर्भरता और सामाजिक सुरक्षा को नई ऊंचाई देने के उद्देश्य से लिए गए हैं।

बैठक के प्रमुख निर्णयों में 16वें वित्त आयोग की अवधि (2026-2031) के लिए सड़क निर्माण, ग्रामीण मार्गों के उन्नयन और शासकीय आवासों के रखरखाव के लिए सर्वाधिक 32 हजार 405 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। कृषि क्षेत्र को मजबूती देने के लिए 'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' को मंजूरी दी गई, इसमें आगामी 5 वर्षों में 2,442.04 करोड़ रुपये व्यय कर दलहन उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत नवीन आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण और 'मिशन वात्सल्य' के सुचारू संचालन के लिए 2,412 करोड़ रुपये तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए 1,295 करोड़ 52 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रि-परिषद ने 'राज्य व्यापारी कल्याण बोर्ड' के गठन का भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जो व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और सरकार के साथ सीधे संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा। यह पहल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने और समावेशी विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं।

'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' के लिए 2442.04 करोड़ रूपये की स्वीकृति

मंत्रि-परिषद ने मध्यप्रदेश में 'दलहनों में आत्मनिर्भरता मिशन' की आगामी 5 वर्षों 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक निरंतरता के लिए 2442 करोड़ 04 लाख रूपये की स्वीकृति दी।

## ममता बोलीं- इस्तीफा नहीं दूंगी, हम हारे नहीं, हराया गया

**कोलकाता एजेंसी।**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी।

ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे।

पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। ञ्जरूष्ट सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है।

**ममता बोलीं-चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे**

मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए।

## दावा- होर्मुज में अमेरिकी जहाज पर ईरान का मिसाइल अटैक

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिका बोला- ये झूठ; ट्रम्प ने कहा था यहां फंसे जहाजों को सुरक्षित निकालेंगे। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में एक अमेरिकी नेवी शिप पर दो मिसाइलें दागीं। हमले में जहाज को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद उसे पीछे हटना पड़ा। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इस बारे में जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, यह हमला तब किया गया जब अमेरिकी जहाज ईरानी नौसेना की चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए होर्मुज से गुजरने की कोशिश की। हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड सेंटकॉम ने होर्मुज में अपने किसी भी नौसैनिक जहाज पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। सेंटकॉम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर कहा कि अमेरिकी सेना होर्मुज में प्रोजेक्ट फ्रीडम के तहत काम कर रही है।

इससे पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा था कि अमेरिकी सेना इस इलाके में फंसे जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करेगी और किसी भी रुकावट का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

1. ईरान की चेतावनी: IRGC के पूर्व कमांडर मोहसिन रजाई ने अमेरिका को चेतावनी देते हुए कहा कि होर्मुज को अमेरिकी सेना की कब्रगाह बना दिया जाएगा। 2. जंग रोकने का नया प्रस्ताव: अमेरिका को पाकिस्तान की मध्यस्थता में ईरान की ओर से 14-पॉइंट का प्रस्ताव मिला है। ट्रम्प ने कहा कि वे इस नए प्रस्ताव का रीव्यू भी कर रहे है।

3. कार्गो शिप पर बोट्स से हमला: होर्मुज स्ट्रेट में एक बड़े कार्गो जहाज पर छोटे-छोटे नावों से हमला किया गया है। किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली है।

## इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक ब्लास्ट, 5 पैसेंजर घायल

**» हैदराबाद से चंडीगढ़ आए सभी 198 यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला**

**चंडीगढ़ एजेंसी।**

हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो फ्लाइट 6E-108 में मंगलवार को पावर बैंक में ब्लास्ट हो गया। इससे 5 यात्री घायल हो गए। पावर बैंक एक यात्री के बैग में रखा था।

घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर खड़ी थी। हादसे के बाद फ्लाइट में धुआं भर गया, जिससे यात्री घबरा गए। यात्रियों को इमरजेंसी गेट से निकाला गया। जिसमें एक महिला को एंबुलेंस में रखा गया था। क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर सेफ्टी उपकरणों का





इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हुआ के पावर बैंक ब्लास्ट कैसे हुआ। पुलिस और एयरपोर्ट अथारिटी की टीमें जांच कर रही है।

इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत विमान खाली कराया गया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से टर्मिनल तक पहुंचाया गया, जहां एयरलाइन की टीम उनकी सहायता में जुटी रही।

एयरलाइन के अनुसार विमान को दोबारा संचालन में लाने से पहले जरूरी तकनीकी जांच की जाएगी। इंडिगो ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

यात्रियों को स्लाइडर से बाहर निकाला जा रहा था, तब इस दौरान सीट 25स्न पर बैठी यात्री ऋचा के टखने में हल्की चोट आई। उसे अस्पताल ले जाया गया। यात्रियों को स्लाइडर से बाहर निकाला जा रहा था, तब इस दौरान सीट 25स्न पर बैठी यात्री ऋचा के टखने में हल्की चोट आई। उसे अस्पताल ले जाया गया।

**फ्लाइट में 198 यात्री सवार थे**

सूत्रों के मुताबिक इंडिगो की फ्लाइट 6E-108 (HYD-IXC) करीब 3:29 बजे सुरक्षित उतरी। विमान में 198 यात्री, दो बच्चे और छह क्रू मेंबर सवार थे। लैंडिंग के बाद जब विमान वे नंबर-1 की ओर बढ़ रहा था, तभी सीट 39C पर बैठे यात्री ने क्रू को अपने पावर बैंक में आग लगने की जानकारी दी। आशंका जताई गई कि पावर बैंक फट गया था। कैबिन क्रू ने तुरंत फायर एक्सटिंग्विशर की मदद से आग पर काबू पाया।

## यूएई में 3 भारतीयों के घायल होने पर भारत नाराज मोदी बोले- इसे स्वीकार नहीं करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

यूएई के फुजैराह में ऑयल पोर्ट पर ईरानी हमले को लेकर भारत ने विरोध जताया है। इस हमले में 3 तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है।

भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा बंद करने और आम लोगों को निशाना नहीं बनाने की अपील की है। भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रुकावट जारी रहनी चाहिए।

इससे पहले यूएई ने दावा किया था उसने ईरान की 12 बैलिस्टिक, 3 क्रूज मिसाइल और 4 ड्रोन को कामयाबी से रोक दिया है। हालांकि ईरान ने इस पूरे मामले पर कोई बयान जारी नहीं किया है। पीएम मोदी ने भी इस घटना को लेकर पोस्ट किया और कहा कि आम लोगों और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को



निशाना बनाना स्वीकार नहीं किया जाएगा।

1यूएई के ड्रोन प्लांट पर हमला: ईरान ने यूएई के फुजैराह में एक पेट्रोलियम प्लांट पर ड्रोन हमला किया। इससे इंडस्ट्री एरिया में आग भड़क उठी। इसमें 3 भारतीय भी घायल हुए हैं।

**2. प्रोजेक्ट फ्रीडम शुरू:** अमेरिका ने होर्मुज के आसपास प्रोजेक्ट फ्रीडम पहल शुरू किया। इसके तहत होर्मुज में फंसे विदेशी जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करने का वायदा किया गया है।

**3. साउथ कोरियाई जहाज पर हमला:** होर्मुज स्ट्रेट में दक्षिण कोरिया के एक जहाज पर हमला हुआ जिससे आग लग गई। ट्रम्प का कहना है कि यह हमला ईरान ने किया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**4. जब्त ईरानी जहाज सौंपा:** अमेरिकी सेना ने जब्त ईरानी जहाज टूस्का को पाकिस्तान को सौंप दिया। इसे 22 क्रू मेंबर के साथ ईरान भेजा गया। अमेरिकी नेवी ने 21 अप्रैल को इस जहाज को पकड़ा था।

**5. ईरान में तीन लोगों को फांसी:** ईरान में मोसाद से जुड़े होने के आरोप में लोगों को फांसी दे दी गई। इन पर जनवरी 2026 में तख्तापटल की साजिश का आरोप था। इस साल 25 राजनीतिक कैदियों को फांसी दी जा चुकी है।

## राजस्थान-बांसवाड़ा में नदी में नाव पलटी, बच्चे समेत 2 लापता

**» 8 लोग तैरकर बाहर निकले, रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी; लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी**

**राजस्थान, एजेंसी।**

राजस्थान के बांसवाड़ा में माही नदी में नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें 10 लोग सवार थे, नाविक सहित 8 लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। 8 साल का बच्चा और एक युवक लापता है। हादसा अरथूना थाना क्षेत्र में पांचवाड़ा पंचायत के भैंसाउ गांव में मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ।

घटना की सूचना मिलते ही अरथूना पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। प्रशासन ने तुरंत स्थानीय गोताखोरों और सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया। जयेश (21) पुत्र कचरा और मानव (8) पुत्र नाथू को टीम तलाश रही है। उनके परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

नाव सवार सभी लोग अरथूना थाना क्षेत्र के गांव भानो का पाड़ा के रहने वाले हैं। वे संगमेश्वर महादेव मंदिर घूमने आए थे। मंदिर दर्शन करने के



बाद सभी माही नदी में बोटिंग के लिए जा रहे थे। किनारे से 200 मीटर अंदर नदी में जाने पर नाव पलट गई। हादसे के बाद नाविक फरार है।

नाव में सवार लोगों को नहीं दी थी लाइफ जैकेट

जानकारी के अनुसार, नाव में यात्रियों को लाइफ जैकेट नहीं दी गई थी। इसके कारण किसी ने भी लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण क्षमता से ज्यादा लोगों का नाव में सवार होना भी बताया जा रहा है।

मछुआरों की भी ले रहे मदद: रेस्क्यू ऑपरेशन की रफ्तार बढ़ाने के लिए सिविल डिफेंस की टीमों के अलावा स्थानीय मछुआरों और गोताखोरों की भी मदद ली जा रही है।

## कैबिनेट का बड़ा फैसला: सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी जजों की संख्या, अब होंगे कुल 38 न्यायाधीश, संसद में आएगा बिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल 34 जज हैं। अब इस संख्या को बढ़ाकर 38 करने का लक्ष्य रखा गया है।

कैबिनेट का बड़ा फैसला: सुप्रीम कोर्ट में बढ़ेगी जजों की संख्या, अब होंगे कुल 38 न्यायाधीश; संसद में आएगा बिल

सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ने से लंबित मामलों के निपटारे में तेजी आएगी। यह कदम न्यायपालिका के बढ़ते बोझ को कम करने और आम जनता को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। केंद्र सरकार का क्या कहना है? जानिए...



केंद्रीय कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के तहत सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाई जाएगी। वर्तमान में मुख्य न्यायाधीश सहित कुल 34 जज हैं। अब इस संख्या को बढ़ाकर 38 करने का लक्ष्य रखा गया है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव का बयान

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस निर्णय की जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में शीर्ष अदालत में 33 जज और एक सीजेआई हैं। जजों की संख्या में चार की बढ़ोतरी करने के लिए संसद के अगले सत्र में एक विधेयक लाया जाएगा।' संसद से मंजूरी मिलते ही सुप्रीम कोर्ट में प्रधान न्यायाधीश समेत कुल 38 जज हो जाएंगे।

### ऐतिहासिक बदलाव का सफर

सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीशों की संख्या अधिनियम 1956 के मूल स्वरूप में मुख्य न्यायाधीश के अलावा केवल 10 जजों का प्रावधान था। समय के साथ इसमें कई संशोधन हुए। 1960 में यह संख्या बढ़ाकर 13 की गई। बाद में एक अन्य संशोधन के जरिए इसे 17 कर दिया गया। 1986 में जजों की संख्या 17 से बढ़ाकर 25 की गई थी।

हालिया वर्षों में हुई बढ़ोतरी: साल 2009 में दोबारा कानून में संशोधन हुआ। तब जजों की संख्या 25 से बढ़ाकर 30 कर दी गई। सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या आखिरी बार साल 2019 में बढ़ाई गई थी। तब मूल अधिनियम में संशोधन कर जजों की संख्या 30 से बढ़ाकर 33, मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर की गई थी। अब 2026 में इसे फिर से बढ़ाने की तैयारी है। बढ़ते कार्यभार और लंबित मामलों का दबाव: सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने का यह निर्णय बढ़ते न्यायिक बोझ को देखते हुए लिया गया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामलों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे न्याय मिलने में देरी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

### शिमला में तेज बारिश, मंडी-कुफरी में भारी ओलावृष्टि, 10 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**शिमला एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। शिमला के कुफरी, फागू व महासू पीक समेत मंडी और सिरमौर जिला के कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। इसके बाद जमीन पर ओलों के मोटी परत बिछ गई। कुफरी-महासू में निरंतर चार दिन से भारी ओलावृष्टि हो रही है। इससे सेब की फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग (IMD) ने आज किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में आंधी-तूफान के साथ आसमानी बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। कल भी चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला में यलो अलर्ट जारी किया गया है। शिमला में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। शिमला में दोपहर बाद तेज बारिश हुई।

## थलापति विजय की वो एक गलती, टीवीके को हो गया 1 सीट का नुकसान, तमिलनाडु में फंस गई सरकार?

**तमिलनाडु, एजेंसी।**

तमिलनाडु चुनाव के नतीजे तो आ गए, मगर सरकार पर पेच फंस गया है. तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में टीवीके 108 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. मगर वह बहुमत से 10 सीट दूर है. अब ऐसे में सवाल है कि आखिर टीवीके सरकार कैसे बना पाएगी. अब थलापति विजय को गठबंधन की जरूरत है. अव्वल तो एक्टर विजय ने टीवीके को एक सीट का नुकसान भी करवा दिया है.

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव रिजल्ट के नतीजे आ गए. अब सबकी नजर सरकार गठन पर है. तमिलनाडु चुनाव के परिणाम में थलापति विजय की पार्टी टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. हालांकि, सत्ता के लिए जरूरी आंकड़े



से दूर है. न टीवीके और न डीएमके-एआईडीएमके किसी भी एक पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है. यही कारण है कि तमिलनाडु की राजनीति में इस बार बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है. अब सवाल है कि तमिलनाडु में सरकार कैसे बनेगी? आखिर टीवीके कैसे बहुमत साबित कर पाएगी? क्या एक्टर विजय सीएम बन पाएंगे? दरअसल, टीवीके ने करीब छह दशक से जारी द्रविड़ पार्टियों के दबदबे को खत्म कर दिया है. अभिनेता से नेता बने सी. जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है. पहली बार चुनाव लड़ने उतरी इस पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया. पहली बार में ही सीटों का शतक लगाकर टीवीके ने राज्य की राजनीति में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है. मगर थलापति विजय की एक गलती से टीवीके को एक सीट का नुकसान उठाना पड़ रहा है. यह ठीक वैसे ही है, जैसे गरीबी में आटा गीला।